आपकी चुनाव प्रचार सामग्री के जीवन में एक दिन

अगली बार जब आप चुनाव प्रचार सामग्री लेने के लिए अपने लेटर बॉक्स में जाएँ, तो उसे बिन में फेंकने से पहले दो बार सोचें। इसके बजाय, आप सामग्री को ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय पुस्तकालय में संग्रहण हेतु भेजकर उसे जीवन का एक नया रूप दे सकते/सकती हैं।

2022 के संघीय चुनाव अभियान के पुरजोर शुरू होने के साथ, पुस्तकालय के कर्मचारी कठिन काम में लगे हुए हैं क्योंकि वे - इस वर्ष के चुनाव अभियान के लिए उत्पादित वस्तुओं को, जिन्हें फेंक दिया जाता है - संरक्षित करने का कार्य शुरू कर रहे हैं। विवरणिकाएँ, पत्रक, पोस्टर, बैनर, स्टिकर, बिल्ले और टी-शर्ट, पुस्तकालय के संघीय चुनाव अभियान सामग्री संग्रहण में संग्रहीत मद के रूप में 'दूसरा जीवन' शुरू कर रहे हैं।

पुस्तकालय 1983 से इस स्थल में व्यापक रूप से संग्रह कर रहा है और ऑस्ट्रेलिया में राजनीतिक अभियान सामग्री का सबसे बड़ा संग्रह रखता है। सामग्री एक समय के राजनीतिक परिदृश्य - नीतियों, पार्टियों और व्यक्तित्वों - का एक अनन्य परिप्रेक्ष्य प्रदान करती है और उन मुद्दों तथा चिंताओं का 'राष्ट्रीय स्नैपशॉट' प्रदान करती है, जो हमारे लिए एक राष्ट्र के रूप में महत्वपूर्ण हैं। यह पुस्तकालय 2022 के संघीय चुनाव अभियान का दस्तावेजीकरण करके इस मूल्यवान संसाधन का निर्माण जारी रखने के लिए उत्सुक है, जिसमें 1901 के फेडरेशन से जुड़ी वस्तुएँ भी शामिल हैं।

1 एक स्टाफ सदस्य 2022 संघीय चुनाव अभियान सामग्री को देखता है

हमारे नागरिक संग्रहकर्ताओं के लिए एक आह्वान

इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक, जो लगभग प्रत्येक तीन वर्षों में आता है, वह ऑस्ट्रेलियाई जनता को अपने राष्ट्रीय संग्रह के निर्माण में सहायता देने के लिए आह्वान करना है। पुस्तकालय की भूमिका राष्ट्र की कहानी को एकत्र करने की है, और ऐसा करने के लिए हमारे नागरिक संग्रहकर्ताओं से ऑस्ट्रेलिया के राजनीतिक इतिहास के अगले अध्याय को बनाने में हमारी सहायता करने के लिए कहने से बेहतर कोई अन्य तरीका नहीं है।

यह आह्वान कई तरह से होता है - हमारी पुस्तकालय संग्रह वेबसाइट, सोशल मीडिया मैसेजिंग और मीडिया के माध्यम से, और साथ ही यह पुस्तकालय के सेवार्थियों और समर्थकों पर भी निर्भर करता है। इसके अतिरिक्त हम उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को सीधे आग्रह पत्र भेजते हैं। पुस्तकालय के कर्मचारी व्यक्ति-विशेषों और पार्टियों से सीधे संपर्क करने के लिए प्रासंगिक संपर्क जानकारी खोजने में व्यस्त हैं। कुछ विवरणों को खोजने में प्रमाणित कठिनाई होने के कारण हम उतने उम्मीदवारों और पार्टियों तक नहीं पहुंच पाएँगे, जितना हम चाहते हैं। यह लोगों और समुदायों के काम को जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण बनाता है - हमें अपने उम्मीदवारों से संबंधित अभियान सामग्री को भेजकर वे यह सुनिश्चित करने में सहायता कर सकते हैं कि पुस्तकालय के पास इस अभियान का संपूर्ण दस्तावेजी रिकॉर्ड है।

2 मुख्य वाचनालय में पुस्तकालय की संग्रह पेटियों में से एक पेटी

ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय पुस्तकालय की यात्रा आरंभ होती है

चुनाव सामग्री पहले से ही अपने नए संग्रह-स्थल में पहुंचनी शुरू हो गई है, या तो हमारे रिप्लाई पेड मेलबॉक्स के माध्यम से, या पुस्तकालय में आने वाले लोगों द्वारा, जो हमारे वाचनालय की संग्रह पेटियों में सामग्री डालते हैं।

पुस्तकालय के कर्मचारी हमें भेजी गई संग्रह सामग्री का आकलन यह सुनिश्चित करने के लिए करते हैं कि सामग्री हमारी संग्रह विकास नीति के दायरे में आती है, दोहराई नहीं गई है, और हमें प्राप्त हुई सामग्री अच्छी स्थिति में है।

एक बार वस्तुओं को स्वीकार करने का निर्णय लेने के बाद सामग्री को शीर्षकों (जैसे उम्मीदवारों के उपनाम) में क्रमबद्ध किया जाता है और कर्मचारी संरक्षण गुणवत्ता वाले फ़ोल्डरों और बक्सों में संग्रह को सूचीबद्ध करने और रखने के लिए व्यवस्थाएँ करेंगे। वस्तुओं को तब पुस्तकालय के सामग्री स्टैक में रखा जा सकता है, और यह खोजे जाने के लिए तैयार रहेगी तथा ऑस्ट्रेलियाई जनता को सुलभ होगी।

3 एक स्टाफ सदस्य 2022 संघीय चुनाव प्रचार सामग्री प्राप्त होने के उपरांत इसे छाँटता है

यात्रा केवल मुद्रित सामग्री पर ही लागू नहीं होती है

हमारी प्रिंट होल्डिंग्स का संपूरण करने के लिए हमारी वेब संग्रह टीम चुनाव से संबंधित ऑनलाइन सामग्री के लिए एक साथ खोज कर रही है, ताकि इस सामग्री को ऑस्ट्रेलियाई वेब संग्रह में स्थान मिल सके। पुस्तकालय 1996 से वेबसाइटों का संग्रह कर रहा है, जब उसने चुनाव से संबंधित 5 साइटों को एकत्र किया था। 1998 में यह संख्या बढ़कर 22 हो गई, और पिछले 2019 के चुनाव में संग्रह में लगभग 1000 साइटों का दस्तावेजीकरण किया गया था।

2022 के संघीय चुनाव से संबंधित कई वेबसाइटों, ब्लॉगों और सोशल मीडिया खातों को पुस्तकालय और इसके वेब संग्रह भागीदारों द्वारा अभी से ही संग्रहीत कर लिया गया है। टीम प्रतिनिधि सदन के चुनाव उम्मीदवारों की वेबसाइटों; राजनीतिक दलों की वेबसाइटों; रुचि, समर्थन और लॉबी समूहों की वेबसाइटों; मतदान, अनुसंधान और शिक्षण से संबंधित वेबसाइटों; और समाचार, टिप्पणी व सोशल मीडिया साइटों को एकत्र करती है। देखें कि ट्रोव (Trove) पर पहले से ही क्या एकत्र किया जा चुका है।



4 एक स्टाफ सदस्य ट्रोव (Trove) में पिछले संघीय चुनावों से संग्रहीत वेबसाइटों को देख रहा है

आपका कचरा संभावित रूप से पुस्तकालय के लिए खजाना हो सकता है

इसलिए, अभी जबकि आप इस अभियान के दौरान लगातार रूप से चुनाव सामग्री प्राप्त कर रहे/रही हैं, कृपया इन मूल्यवान अभिलेखों को ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय पुस्तकालय में भेजकर उन्हें संजोकर रखने का दूसरा अवसर प्रदान करें। अभियान सामग्री ऐसी सामग्री होती है जिसे फेंके जाने के लिए ही बनाया जाता है, लेकिन यह सामाजिक और राजनीतिक इतिहास के बारे में महत्वपूर्ण प्रासंगिक जानकारी भी देती है। नागरिक संग्रहकर्ताओं के काम ने राष्ट्रीय पुस्तकालय को 1901 के चुनाव से वोटिंग कार्डों, गॉफ व्हिटलैम के 'इट्स टाइम' अभियान से बिल्लों और एंटनी ग्रीन के राजनीतिक ब्लॉगों जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं को एकत्र करने में सक्षम बनाया है। संग्रह में उपलब्ध अन्य वस्तुओं के साथ ये आइटम हमें पिछली राजनीतिक घटनाओं, लोगों और नीतियों को समझने में सहायता देते हैं। स्कॉट मॉरिसन के अभियान ब्रोशर और एंथनी एल्बनीज़ का ट्विटर एकाउंट एक दिन भविष्य के शोध का विषय हो सकता है।

2022 के संघीय चुनाव की सामग्री को एकत्र करने में सहायता देने के लिए आज ही ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय पुस्तकालय से संपर्क करें।